दिन– बुधवार | दिनांक– 07/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.48 बजे से। | अवधि – 10 मिनट

---

01. भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में नौ आतंकी ठिकानों को पूरी तरह नष्ट किया।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सैन्य बलों की सराहना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा – भारत की सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान का कोई भी आम नागरिक प्रभावित नहीं हुआ।

03. सेना की कार्रवाई की राजनीतिक दलों के साथ–साथ समाज के सभी वर्गों ने प्रशंसा की।

04. और, भारत तथा पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच आज शाम बिहार के छह जिलों समेत देशभर में सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

---

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा कल रात चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर पच्चीस मिनट का था और इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान और पाक अधिकृत जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। नई दिल्ली में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में ये जानकारी दी गई। भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कल रात एक बजकर पांच मिनट से एक बजकर तीस मिनट तक चलाया गया।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर का विवरण देते हुए पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों के नाम बताए हैं, जहां भारतीय सेना ने कार्रवाई की है।

–––बाइट–––

सवाई नाला कैंप मुजफ्फराबाद यह एक लश्कर–ए–तैयबा का ट्रेनिंग सेंटर था। 20 अक्टूबर 2024 सोनमर्ग, 24 अक्टूबर 24 गुलमर्ग, 22 अप्रैल 2025 पहलगाम। इन हमलों के आतंकियों ने इन्हीं से प्रशिक्षण लिया था। सैयद–ना–बिलाल कैंप मुजफ्फराबाद यह एक जैशे मोहम्मद का स्टेजिंग एरिया है यह हथियार विस्फोटक और जंगल सरवाईवल का ट्रैनिंग का केन्द्र भी था। गुलपुर कैंप कोटली यह एलओसी से 30 किलोमीटर दूर था। लश्कर–ए–तैयब्बा का बेस था जो राजौरी, पुंछ में सक्रिय था। 20 अप्रैल 2023 को पुंछ में और 9 जून 2024 को तीर्थ यात्राओं के बस हमले में यहीं से आतंकी को ट्रेंड किया गया था। बरनाला कैंप बिम्बर यहां पर हथियार हैंडलिंग आईडी व

जंगल सर्वाइवल का प्रशिक्षण केंद्र था अब्बास कैंप कोटली लश्कर–ए–तैयब्बा फिदायीन यहां तैयार होता था। इसकी कैपेसिटी 15 टेररिस्ट को ट्रेंड करने की थी

कर्नल कुरैशी ने पाकिस्तान के अंदरूनी ठिकानों के नाम का भी जिक्र किया है।

———बाइट———

सर्जल कैंप सियालकोट ये अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 6 किलोमीटर की दूरी पर है। मार्च 2025 में जम्मू एंड कश्मीर पुलिस के चार जवानों की जो हत्या की गई थी उन आतंकवादियों को इसी जगह पर ट्रैंड किया गया था। दूसरा महमूना जाया कैंप सियालकोट, यह 18 से 12 किलोमीटर आईबी से दूर था। हिजबुल मुजाहिदीन का बहुत बड़ा कैंप था। यह कठुआ जम्मू क्षेत्र में आतंक फैलाने का नियंत्रण केंद्र था। पठानकोट एयर फोर्स बेस पर किया गया हमला भी इसी कैंप से प्लान और डायरेक्ट किया गया था। मरकज तैयबा मुरीद के 2008 के मुंबई हमले के आतंकी भी यही से प्रशिक्षित हुए थे। अजमल कसब डेविड हेडली भी यहां ट्रैंड हुए थे।

प्रेस वार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों का पर्दाफाश हुआ है।

———बाइट———

पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं। रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा किए गए दावे और लश्कर–ए–तैयबा से ज्ञात सोशल मीडिया हैंडल द्वारा इसको रि–पोस्ट किया जाना इसकी पुष्टि करता है। चश्मदीद गवाहों और विभिन्न जांच एजेंसियों को उपलब्ध अन्य सूचनाओं के आधार पर हमलावरों की पहचान भी हुई है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सैन्य बलों की सराहना की है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में श्री मोदी ने कैबिनेट मंत्रियों को इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए कहा कि यह देश के लिए गर्व का पल है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मिलकर उन्हें पूरी कार्रवाई की जानकारी दी।

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी वीरता और साहस का परिचय देकर इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों ने यह सुनिश्चित करके संवेदनशीलता दिखाई है कि ऑपरेशन के दौरान कोई भी आम नागरिक प्रभावित नहीं हुआ है।

———बाइट———

---

पहलगाम आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी ने कहा है कि जब से उन्होंने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में

आतंकवादियों के शिविरों पर हवाई हमले का समाचार सुना है तब से उनके पूरे परिवार का मन हल्का हुआ है।

———बाइट———

मैं सलाम करता हूँ अपने देश की सेना को और धन्यवाद अर्पित करता हूँ अपने देश के माननीय प्रधानमंत्री जी को, जिन्होंने देश की एक सौ चालीस करोड़ जनता के मन की बात को समझा, दिल के दर्द को समझा, उसके गुस्सा को समझा और जिस तरह हमारी सशक्त सेनाओं ने अदम्य साहस और शौर्य के साथ पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद का विनाश करने का काम किया है, उसके लिए मैं सलाम करता हूँ देश की सरकार को।

आतंकी हमले में जान गंवाने वाले रोहतास के करगहर निवासी मनीष रंजन के परिजनों ने आतंकवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की सराहना की है।

———बाइट———

---

भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की राजनीतिक दलों के साथ—साथ समाज के सभी वर्गों ने प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने कहा कि भारतीयों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अखिलेश प्रसाद सिंह, एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भारतीय सेना के शौर्य और साहस की सराहना की है। आम लोगों ने भी ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए इसे आतंकवाद के खिलाफ एक निर्णायक कदम बताया।

---

पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव को देखते हुए आज शाम बिहार के छह जिलों समेत देश के दो सौ चौवालीस जिलों में सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। हमारी संवाददाता ने बताया कि नागरिक सुरक्षा अभ्यास किसी भी बाहरी खतरे का मुकाबला करने के लिए लोगों को तैयार करने का अभ्यास है।

———रिपोर्ट———

घड़ी की सुई में जैसे ही छह बजकर अट्ठावन मिनट हुए सायरन की आवाज से पटना, बेगूसराय, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार जिले में जन—जीवन थम सा गया। विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद कर दी गई। दस मिनट तक ब्लैक आउट की स्थिति बनी रही। सड़कों पर गाड़ियों की रफ्तार थम गई और गाड़ियों के हेडलाइट बंद हो गए। इस दौरान लोगों ने संयम दिखाते हुए प्रशासन का पूरी तरह सहयोग किया। एक बार फिर सायरन की आवाज बजने के बाद स्थिति सामान्य हुई। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से कल्पना झा।

---

समस्तीपुर के काशीपुर स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में अपराधियों ने लगभग पांच करोड़ रूपये मूल्य का सोना और पंद्रह लाख रूपए लूट लिए।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में नौ आतंकी ठिकानों को पूरी तरह नष्ट किया।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सैन्य बलों की सराहना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा – भारत की सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान का कोई भी आम नागरिक प्रभावित नहीं हुआ।

03. सेना की कार्रवाई की राजनीतिक दलों के साथ–साथ समाज के सभी वर्गों ने प्रशंसा की।

04. और, भारत तथा पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच आज शाम बिहार के छह जिलों समेत देशभर में सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।